दिनांक : 26.07.2024 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

पीएम-कारगिल विजय दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 25वें कारगिल विजय दिवस के मौके पर कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा किया। श्री मोदी ने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यह हर भारतीय के लिए बहुत खास दिन है। उन्होंने कहा, यह देश की रक्षा करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है।

श्री मोदी ने आज शिंकुन ला सुरंग परियोजना के लिए निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। उन्होंने वर्चुअली शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट का पहला विस्फोट किया। यह परियोजना लेह से कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर खराब मौसम के दौरान। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने करगिल विजय दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, राष्ट्रपति मुर्मू ने 1999 में करगिल की चोटियों पर भारत माता की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वालों को याद किया और सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका बलिदान और वीरता प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करती रहेगी।

करगिल दिवस के अवसर पर आज संसद के दोनों सदनों में करगिल युद्ध के

दौरान वीरता से लड़ने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सैनिकों के शौर्य और बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि सैनिकों ने युद्ध के दौरान अदम्य साहस का □रिचय दिया। श्री बिरला ने कहा कि 25वें करगिल विजय दिवस के अवसर □र सदन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देता है।

कारगिल प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस के अवसर □र अमर शहीद सैनिकों के साहस को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी है। श्री यादव ने आज भो□ाल स्थित शौर्य स्मारक □हुंच कर शहीदों को नमन किया एवं यहां म्यूजियम का अवलोकन करते हुए वीर जवानों के अद्भुत शौर्य एवं □राक्रम का स्मरण किया। इस दौरान उन्होंने सेना से प्राप्त वॉर ट्रॉफी के रू□ में प्राप्त दो टी-55 टैंक का लोकार्□ण किया।

कारगिल के 25वें विजय दिवस □र प्रदेश में अनेक स्थानों □र कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुरैना में कारगिल की विजय को स्थाई बनाये रखने के लिये अमर शहीद सम्मान सेवा संघ द्वारा एक वर्ष के दौरान 11 हजार □ौधे रो□ित करने का संकल□ लिया है। खंडवा जिले में 36 एम□ी बटालियन खंडवा एनसीसी

कैडेट्स ने कारगिल विजय दिवस अवसर □र सुबह □ुलिस लाइन में शहीद स्मारक □र शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्□ित की।

प्रभात झा

मध्य प्रदेश भाज□ा के □ूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता प्रभात झा का आज तड़के निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के मेदांता अस□ताल में अंतिम सांस ली। उनको दिमागी बुखार के बाद तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। जिसके बाद भो□ाल के बंसल अस□ताल में भर्ती किया गया था। दो दिन बाद प्रभात झा को एयरलिफ्ट कर दिल्ली के मेदांता अस□ताल में शिफ्ट किया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने □त्रकारिता से अ□ने करियर की शुरुआत की थी।

प्रभात झा मूल रू□ से बिहार के रहने वाले थे। उनका जन्म 4 जून 1957 को बिहार के दरभंगा के हरिहर□ुर गांव में हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अ□ने राजनीतिक जीवन में मीडिया के साथ आवश्यक समन्वय को हमेशा प्राथमिकता दी। वे निरंतर अध्यनन करते रहते थे। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के लिए यादगार सेवाएं दीं। उ□मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अस□ताल □हुंचकर श्री को श्रद्धासुमन अर्□ित किए।

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुवंर विजय शाह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने भी श्री झा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मौसम

प्रदेश में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। इस सीजन में पहली बार प्रदेश में औसत से ज्यादा पानी गिर चुका है। प्रदेश में अब तक 15.2 इंच बारिश हो चुकी है। मानसून एक्टिविटी की वजह से भोपाल और विदिशा में आज सुबह से तेज बारिश हो रही है। उज्जैन में हल्की बारिश है। वहीं, इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, सागर संभाग के 21 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। इससे पहले कल रतलाम, कटनी, सतना, भोपाल समेत 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। बारिश की वजह से छोटी नदियां-नाले उफान पर हैं। बांध, तालाब और बड़ी नदियों का लेवल तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले एक-दो दिन में सिस्टम कमजोर होगा। वहीं, आज निवाड़ी, टीकमगढ़, सीहोर, रायसेन, खरगोन, खंडवा समेत 12 जिलों में भारी जबकि 10 जिलों में तेज बारिश हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा के अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी आर□ी वर्मा द्‌वारा तीन प्रकरणों में चार कारोबारियों □र एक लाख सत्तर हजार रू□ये का जुर्माना लगाया है।
- शिव□ुरी जिले में □ीएम जनमन योजना प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत अति □िछड़े सहरिया आदिवासियों के लिए आवास सुविधा उ□लब्ध कराने के लिए अभियान चल रहा है।
- □न्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कल बाय□ास रोड स्थित बड़ी देवी मंदिर के निकट सड़क और □ुलिया में जल भराव स्थिति का निरीक्षण किया।